संपादक का नोट

प्रभु की स्तुति हो। मैं आपको अपने प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के नाम पर नमस्कार करती हूं। जो लोग प्रभु की प्रतीक्षा करते हैं, उनके लिए प्रभु ने दुनिया की शुरुआत से ही चीजें तैयार कर रखी हैं कि जो कानो ने नहीं सुना है और न ही आँखों ने देखा हैं। पवित्र बाइबिल कहता है 1 कुरिन्थियों 2:9 ''परन्तु जैसा लिखा है, कि जो आंख ने नहीं देखी, और कान ने नहीं सुना, और जो बातें मनुष्य के चित्त में नहीं चढ़ीं वे ही हैं, जो परमेश्वर ने अपने प्रेम रखने वालों के लिए तैयार की हैं।''

प्रभु के पैर सुंदर हैं। जब हम उनके चरणों में बैठते हैं, तो उनकी उपस्थिति हमारे जीवन में उमड़ती है और नदी की तरह बहती है। जब हम उसके पैरों पर इंतजार करते हैं तो यह सबसे सुखद और शांतिपूर्ण समय होता है।

धर्मी जन उनके पैरों पर रहना पसंद करते थे और उस पर इंतजार करते थे।

मार्था की बहन, मरियम यीशु के पैरों पर बैठी थी और यीशु के वचनों को बहुत ध्यानपूर्वक से सुन रही थी, जिसके कारण यीशु ने कहा लूका 10:42 ''परन्तु एक बात अवश्य है, और उस उत्तम भाग को मरियम ने चुन लिया है: जो उस से छीना न जाएगा।''

मेरे प्रियजनों, प्रभु की प्रतीक्षा करो, फिर यीशु मसीह उसकी सारी महिमा के साथ आपकी सभी जरूरतों को पूरा करेगा। यह जानकर, प्रभु की स्तुति करो। फिलिप्पियों 4:19 ''और मेरा परमेश्वर भी अपने उस धन के अनुसार जो महिमा सहित मसीह यीशु में है तुम्हारी हर एक घटी को पूरी करेगा।''

जब आप प्रभु की प्रतीक्षा करेंगे, तो आपकी प्रार्थनाएं सुनी जाएंगी। भजन संहिता 40:1–3 ''1 मैं धीरज से यहोवा की बाट जोहता रहा; और उसने मेरी ओर झुककर मेरी दोहाई सुनी। 2 उसने मुझे सत्यानाश के गड़हे और दलदल की कीच में से उबारा, और मुझ को चट्टान पर खड़ा करके मेरे पैरों को दृढ़ किया है। 3 और उसने मुझे एक नया गीत सिखाया जो हमारे परमेश्वर की स्तुति का है। बहुतेरे यह देखकर डरेंगे, और यहोवा पर भरोसा रखेंगे।''

प्रार्थना करने से पहले, प्रभु की स्तुति करो और प्रभु कि प्रतीक्षा करें यह जानने के लिए की प्रभु हमसे क्या बात करना चाहते है।

इस दुनिया में, प्रभु के बच्चों के लिए स्तुति और प्रार्थना करने के लिए, सुबह सवेरे ही एक बहुत ही सुखद और सुंदर समय है। सुबह में प्रभु की प्रतीक्षा करने वाले हर धर्मी व्यक्ति ने कई आशीर्वाद प्राप्त किए हैं।

इब्राहीम सुबह जल्दी उठ गया। उत्पत्ति 19:27 ''भोर को इब्राहीम उठ कर उस स्थान को गया, जहां वह यहोवा के सम्मुख खड़ा था।''

एक और मौके पर, प्रभु के निर्देशों पर एक सुबह जल्दी, इब्राहीम ने अपने गधे को तैयार किया, और अपने दो जवानों को उसके साथ लिया और उसके पुत्र इसहाक को ले लिया, और होमबलि के लिए लकड़ी को चढ़ाया, और उठकर उस जगह के पास गया जिसे प्रभु ने उसे बताया था।

मूसा को अपने जीवन में समृद्ध होने के लिए यही कारण लागू होता है। निर्गमन 34:4 ''तब मूसा ने पहिली तख्तियों के समान दो और तख्तियां गढ़ी; और बिहान को सवेरे उठ कर अपने हाथ में पत्थर की वे दोनों तख्तियां ले कर यहोवा की आज्ञा के अनुसार पर्वत पर चढ़ गया।''

उन लोगों के लिए जो सुबह सवेरे प्रभु की प्रतीक्षा करते हैं, वे प्रभु के वादे को प्राप्त करेंगे होशे 14: 5 ''मैं इस्राएल के लिए ओस के समान हूंगा; वह सोसन की नाईं फूले–फलेगा, और लबानोन की नाईं जड़ फैलाएगा।''

इसलिए हमारे जीवन में प्रभु के आशीर्वाद को प्राप्त करने के लिए, हम उन सभी वादों की मांग करते हैं जिन्हें हमने यहां देखा है। आइए सभी जल्दी उठकर प्रभु की तलाश करके आशीर्वाद प्राप्त करें।

जब तक हम दोबारा मिलें तब तक प्रभु आप सभी को आशीर्वाद दे।

मेरे प्रभु की सेवा में आपकी,

पास्टर सरोजा म।

अभिलाषा करो और परमेश्वर के चुंबन के लिए प्रार्थना करो!

श्रेष्ठगीत 1:2 ''वह अपने मुंह के चुम्बनों से मुझे चूमे! क्योंकि तेरा प्रेम दाखमधु से उत्तम है।'' यहाँ चुंबन का उल्लेख किया जो 'प्रभु का चुंबन' है और इसका प्रतीक परमेश्वर की आत्मा है। हम सभी को प्रभु के चुंबन के लिए प्रार्थना करना महत्वपूर्ण है। प्रभु हमें चूमता है और हमें अपनी आत्मा से भरता है, इस प्रकार उनकी खुशी और शांति हमारे साथ बनी रहती है। प्रभु द्वारा चुने गए चेलों को हमेशा प्रभु के चुंबन को लेकर उत्सुकता रहेती थी। वे प्रार्थना करते और प्रभु के चुंबन के लिए प्यासे रहते थे। हम यूहन्ना की किताब में पढ़ेंगे, कि कैसे प्रभु यीशु मसीह ने उनकी इच्छाओं को संतुष्ट किया। यूहन्ना 20:22 ''यह कहकर उस ने उन पर फूंका और उन से कहा, पवित्र आत्मा लो।'' आत्मारिक रूप से 'प्रभु का चुंबन' का मतलब है, उन्होंने शिष्यों पर अपनी सांस छोड़ी। चुंबन का मतलब है – यीशु ने उनके चेलों पर अपने मुंह से सांस छोड़ी। हम मनुष्य के रूप में उड़न चुंबन देते हैं, यह हमारे मुंह से आता है, इसी प्रकार जब यीशु ने शिष्यों पर अपनी सांस छोड़ी, तो वे यीशु मसीह के पवित्र आत्मा से भर गए। दूसरी बात, प्रभु का चुंबन 'आग की जीभें' के रूप में आया, चलो पढ़ते हैं प्रेरितों के काम 2:3 ''और उन्हें आग की सी जीभें फटती हुई दिखाई दीं; और उन में से हर एक पर आ ठहरीं।'' यह लोगों ने पेन्टेकॉस्ट के दिन अनुभव किया था, जब वे सभी एक ही स्थान पर एकजुट हुए थे और तभी अचानक स्वर्ग से एक आवाज आई जो प्रचंड हवा के रूप में थी, जो की उस घर को भर दिया जहां वे बैठे थे। फिर, उन सभी के जीभों पर आग लगने की तरह दिखाई दिया, और उनमें से प्रत्येक पर बैठ गया।

प्रभु के चुंबन की इच्छा के लिए हमें हमारे भीतर दो गुणों की आवश्यकता होनी चाहिए 1) दिल की पवित्रता 2) प्रभु के चुंबन की इच्छा। जब तक हम अपने पापों से खुद को शुद्ध नहीं करते हैं, हम परमेश्वर के चुंबन की उम्मीद नहीं कर सकते हैं और दूसरी बात यह है कि जैसे चेलों ने हमेशा इच्छा जताई और परमेश्वर के चुंबन के लिए उत्सुकता दिखाई, हमें भी हमारे दिल में यह जलती हुई इच्छा होनी चाहिए। हमने बाइबिल में पढ़ा है कि यशायाह ने भी परमेश्वर के पवित्र मंदिर में अपने पापों को कबूल किया था, इस

प्रकार वह शुद्ध और पवित्र हो गया और परमेश्वर ने उसे चूम लिया, चलो पढ़ते हैं यशायाह 6:5–7 ''5 तब मैं ने कहा, हाय! हाय! मैं नाश हूआ; क्योंकि मैं अशुद्ध होंठ वाला मनुष्य हूं, और अशुद्ध होंठ वाले मनुष्यों के बीच में रहता हूं; क्योंकि मैं ने सेनाओं के यहोवा महाराजाधिराज को अपनी आंखों से देखा है! 6 तब एक साराप हाथ में अंगारा लिए हुए, जिसे उसने चिमटे से वेदी पर से उठा लिया था, मेरे पास उड़ कर आया। 7 और उसने उस से मेरे मुंह को छूकर कहा, देख, इस ने तेरे होंठों को छू लिया है, इसलिए तेरा अधर्म दूर हो गया और तेरे पाप क्षमा हो गए।'' परमेश्वर के इस चुंबन के बाद, यशायाह परमेश्वर का एक बड़ा नबी बन गया। इस प्रकार, हमें पहले अपने पापों से खुद को शुद्ध करने की आवश्यकता करनी चाहिए इससे पहले कि हम भी परमेश्वर के चुंबन की इच्छा करें। दूसरी बात, हमें परमेश्वर के चुंबन के लिए इच्छा होना आवश्यक है। रोमियों 5:5 ''और आशा से लज्जा नहीं होती, क्योंकि पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है उसके द्वारा परमेश्वर का प्रेम हमारे मन में डाला गया है।'' हमें परमेश्वर के चुंबन की इच्छा के लिए कभी शर्म नहीं करना चाहिए। हमें परमेश्वर के निकट आने की और उनके चुंबन की इच्छा रखने की जरूरत है। इस दुनिया में, हम ऐसे महान नेताओं को देखना चाहते हैं जो सिर्फ मनुष्य हैं। हम भीड़ के साथ और सभी बाधाओं से लड़ते हैं और उसके पास एक झलक पाने के लिए पहुंचते है। इसके अलावा कभी कभी हम एक टीवी धारावाहिक के बारे में पागल होते हैं और उस समय को गवाना नहीं चाहते क्योंकि शो के मेहमान कुछ महान फिल्मी सितार होते हैं। कल्पना कीजिए, अगर हमारे प्रभु यीशु मसीह के लिए हमें इसी तरह की लालसा है, तो उसके प्यार और चुंबन को पाने के लिए हम कितने धन्य होंगे। यह हमेशा हमारे जीवन की इच्छा का एक हिस्सा होना चाहिए।

कुलुस्सियों 1 : 20 ''और उसके क्रूस पर बहे हुए लहू के द्वारा मेल मिलाप करके, सब वस्तुओं का उसी के द्वारा से अपने साथ मेल कर ले चाहे वे पृथ्वी पर की हों, चाहे स्वर्ग में की।'' केवल कलवारी के क्रूस पर यीशु मसीह के बलिदान की वजह से, सभी चीजों को शुद्ध और मेल मिलाप से स्वर्ग और पृथ्वी पर रखा गया है। हमारे पास यीशु के लहू के माध्यम से शांति है। हममें से कोई भी प्रभु के करीब जाने की हिम्मत नहीं कर सकता, क्योंकि उसका प्रकाश उज्ज्वल प्रकाश है और हम इस से अंधे हो सकते हैं। हम साधारण मनुष्य हैं और कभी भी प्रभु के करीब नहीं जा सकते हैं, बल्कि क्रूस पर उनके बलिदान के कारण, प्रभु ने स्वर्ग में और इस धरती पर सभी चीजों को सुलझा लिया है और अपने लहू और बलिदान के माध्यम से शांति बनायी है। हम जानते हैं कि जब पौलुस शाऊल था, तो दमिश्क के रास्ते पर परमेश्वर की उज्ज्वल प्रकाशित रोशनी ने उस पर चमक दी और इस रोशनी से वह अँधा हो गया। हां, निश्चित रूप से कोई भी

परमेश्वर के निकट नहीं जा सकता क्योंकि पवित्र प्रकाश उन पर चमकता है। लेकिन हमारे प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर अपना जीवन बलिदान करना था, ताकि हम उनके चुंबन और सांस प्राप्त कर सकें। अगर यीशु ने उनकी जिंदगी का त्याग नहीं किया होता, तो हम उन्हें बुला भी न पाते। हम जानते हैं कि स्वर्ग में, स्वर्गदूतों में लगातार ... 24 घंटों से प्रभु का गाना ''जय हो पवित्र प्रभु ..... सर्वशक्तिमान परमेश्वर सर्वशक्तिमान'' की स्तुति और महिमा करें ऐसा होता है, अपने पंखों के नीचे अपने पैरों को मुड़ा हुआ रखते है। ओह! हमारे प्रभु स्वर्ग में इस तरह के एक शक्तिशाली प्रभु थे, लेकिन वह आपके और मेरे लिए इस धरती पर उतर आए, क्रूस पर चढ़ाए गए और कलवारी के क्रूस पर शर्मिंदा किए गए और इस प्रकार आज हम क्रूस पर उनके बलिदान की वजह से प्रभु के चुंबन की मांग कर सकते हैं। प्रभु हम पर उनकी सांस उँडेलेगा और हमें अपने पवित्र आत्मा से भरेगा।

बाइबिल में, हम चार प्रकार के चुंबन देखते हैं:

1) आदर और सम्मान का चुंबन – 1 शमूएल 10:1 ''तब शमूएल ने एक कुप्पी तेल लेकर उसके सिर पर उंडेला, और उसे चूमकर कहा, क्या इसका कारण यह नहीं कि यहोवा ने अपने निज भाग के ऊपर प्रधान होने को तेरा अभिषेक किया है?'' शमूएल ने शाऊल के सिर को अभिषेक के तेल के साथ अभिषेक किया और उसे चूमा। शमूएल परमेश्वर का एक शक्तिशाली अभिषिक्त सेवक था, उनके ऊपर परमेश्वर का अभिषेक था। ताकि शाऊल उनसे अभिषेक प्राप्त करे, शमूएल को उसे चूमना पड़ा। श्रेष्ठगीत 1:2 ''वह अपने मुंह के चुम्बनों से मुझे चूमे! क्योंकि तेरा प्रेम दाखमधु से उत्तम है।'' यहाँ हम एक बार फिर से श्रेष्ठगीत में पढ़ते हैं कि प्रभु का चुंबन पवित्र आत्मा का अभिषेक है ।

2) प्रेम का चुंबन – जब हम किसी से प्यार करते हैं और लंबे समय के बाद उन्हें मिलते हैं, तो हम उन्हें प्रेम के चुंबन के साथ शुभकामनाएं देते हैं। आइए पढ़ते है उत्पत्ति 27:26–27 ''26 तब उसके पिता इसहाक ने उससे कहा, हे मेरे पुत्र निकट आकर मुझे चूम। 27 उसने निकट जा कर उसको चूमा। और उसने उसके वस्त्रों की सुगन्ध पाकर उसको यह आशीर्वाद दिया, कि देख, मेरे पुत्र का सुगन्ध जो ऐसे खेत का सा है जिस पर यहोवा ने आशीष दी हो:'' यद्यपि याकूब ने अपने पिता इसहाक को धोखा दिया, फिर भी प्रभु की इच्छा याकूब को आशीर्वाद देना था। जब इसहाक ने याकूब को चूमा, तो प्रभु का सुवास याकूब को सौंप दिया गया था।

3) विश्वासघात/लाभ का चुंबन – मत्ती 26:49 ''और तुरन्त यीशु के पास आकर कहा; हे रब्बी नमस्कार; और उस को बहुत चूमा।'' यहूदा ने अधिकारियों को बताया था कि

जिस व्यक्ति को मैं चुम्बन करू 'वही वह व्यक्ति है' जिसे गिरफ्तार करना है, यहूदा ने यीशु को सिर्फ तीस चांदी के सिक्के के साथ धोखा दिया।

4) मूर्तिपूजा/जादूगरण का चुंबन – होशे 13:2 ''और अब वे लोग पाप पर पाप बढ़ाते जाते हैं, और अपनी बुद्धि से चान्दी ढालकर ऐसी मूरतें बनाईं हैं जो कारीगरों ही से बनीं। उन्हीं के विषय लोग कहते हैं, जो नरमेध करें, वे बछड़ों को चूमें!'' यह मूर्तिपूजा का चुंबन है।

हम एक और खास चुंबन के बारे में भी देखते हैं जो 'एकता का चुंबन' है। हम सब खर्चीले बेटे की कहानी जानते हैं। छोटा बेटा, अपने पिता के संपत्ति से अपना हिस्सा लेता है और घर छोड़ देता है और एक दूर देश में चला जाता है। इसराइल में, जब पिता जीवित है तो बेटा संपत्ति में से अपने हिस्से के लिए नहीं पूछ सकता हैं यह उनके कानून के अनुसार एक बड़ा पाप है। तब भी, पिता ने अपने संपत्ति में से उसके हिस्से को अलग किया, जब बेटे ने उसे उसी के लिए पूछा। उसने अपने सारे पैसे अपने दोस्तों और खुद पर गंवाए और अंत में उसके पास कुछ भी नहीं बचा था, अंत में उसे एक सूअर की सफाई करने के काम में काम करना पड़ा और सूअर के भोजन को खाया। उस समय, उसे अपने पिता के घर की याद आई, उसने एक बार फिर पश्चाताप किया और पिता के नियुक्त किए गए नौकरों में से एक होने के लिए अपने पिता के घर लौट आया। उसके पिता ने अपने बेटे को बहुत दूर ही से देखा और उसे स्वीकार करने के लिए दौड़ा और उसे चूमा। यह 'एकता का चुंबन' है। चलो पढ़ते है लूका 15: 11–20 ''11 फिर उस ने कहा, किसी मनुष्य के दो पुत्र थे। 12 उन में से छुटके ने पिता से कहा कि हे पिता संपत्ति में से जो भाग मेरा हो, वह मुझे दे दीजिए। उस ने उन को अपनी संपत्ति बांट दी। 13 और बहुत दिन न बीते थे कि छुटका पुत्र सब कुछ इकट्ठा करके एक दूर देश को चला गया और वहां कुकर्म में अपनी संपत्ति उड़ा दी। 14 जब वह सब कुछ खर्च कर चुका, तो उस देश में बड़ा अकाल पड़ा, और वह कंगाल हो गया। 15 और वह उस देश के निवासियों में से एक के यहां जा पड़ा उस ने उसे अपने खेतों में सूअर चराने के लिए भेजा। 16 और वह चाहता था, कि उन फलियों से जिन्हें सूअर खाते थे अपना पेट भरे; और उसे कोई कुछ नहीं देता था। 17 जब वह अपने आपे में आया, तब कहने लगा, कि मेरे पिता के कितने ही मजदूरों को भोजन से अधिक रोटी मिलती है, और मैं यहां भूखा मर रहा हूं। 18 मैं अब उठकर अपने पिता के पास जाऊंगा और उस से कहूंगा कि पिताजी मैंने स्वर्ग के विरोध में और तेरी दृष्टि में पाप किया है। 19 अब इस योग्य नहीं रहा कि तेरा पुत्र कहलाऊं, मुझे अपने एक मजदूर की नाईं रख ले। 20 तब वह उठकर, अपने पिता के पास चला: वह अभी दूर ही था, कि उसके पिता ने उसे देखकर तरस खाया, और दौड़कर उसे गले लगाया, और बहुत चूमा।'' हम सोच

सकते हैं कि अपने पिता के सिर्फ एक चुंबन से, बेटे की शांति लौट आई होगी। सिर्फ एक चुंबन ने एक बार फिर पिता के प्रेम से पुत्र को आश्वासन दिया होगा। एकता के चुंबन ने, इतने सारे घावों को चंगा किया होगा। हमारे जीवन में भी, जब हम प्रभु के पास लौटते हैं और हमारे पापों की क्षमा मांगते हैं, तो हमें 'प्रभु का चुंबन' प्राप्त होता है, हम वास्तव में धन्य हैं और पवित्र आत्मा से भरे हुए हैं। हम प्रभु को बहुत दुख पहुंचाए होंगे, लेकिन जब हम क्षमा मांगते हैं, तो हमारी शांति हमारे जीवन में लौट आती है। 2 कुरिन्थियों 5:20 ''सो हम मसीह के राजदूत हैं; मानो परमेश्वर हमारे द्वारा समझाता है: हम मसीह की ओर से निवेदन करते हैं, कि परमेश्वर के साथ मेल मिलाप कर लो।'' जब हम मसीह के राजदूत हैं, तो परमेश्वर हमें एकता का चुंबन देंगे और इस तरह एक बार फिर प्रभु को हमारे अंदर स्वीकार करना चाहिए। प्रभु के चुंबन का अर्थ भी परमेश्वर का वचन है मत्ती 4:4 ''उस ने उत्तर दिया; कि लिखा है कि मनुष्य केवल रोटी ही से नहीं, परन्तु हर एक वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है जीवित रहेगा।'' हमें जीवित रहने के लिए केवल रोटी ही नहीं, परन्तु परमेश्वर का वचन जो परमेश्वर के मुख से आता है जो हमें शांति, समझ, बुद्धि, उसके साथ एकता देता है। ''मेरे जीवन में एक समय था जब मैं अनाथ थी, मैं इस पवित्र मन्दिर में परमेश्वर के वचन की प्यासी थी। उस समय, मेरे परिवार में बहुत अशांति थी क्योंकि मैं सिर्फ प्रभु के पास आई थी। मेरे पति बहुत परेशान करते थे। एक दिन जब मैं इस पवित्र मन्दिर में आई, बहुत उदास थी और सोच रही थी कि मुझे अपने पति के हाथों से कितने साल कष्ट भुगतना पड़ेगा। उस समय, इस मंदिर में एक अतिथि प्रचारक थे और उन्होंने यह वचन पवित्र बाइबिल से पढ़ा यशायाह 43:18–19 ''18 अब बीती हुई घटनाओं का स्मरण मत करो, न प्राचीनकाल की बातों पर मन लगाओ। 19 देखो, मैं एक नई बात करता हूं वह अभी प्रगट होगी, क्या तुम उस से अनजान रहोगे? मैं जंगल में एक मार्ग बनाऊंगा और निर्जल देश में नदियां बहाऊंगा।'' उस दिन, मुझे अपने जीवन में 'प्रभु का चुंबन' मिला और पूरी तरह बदल गया। उस दिन से इस वचन से मेरा जीवन वास्तव में मजबूत हुआ था। वास्तव में, 'परमेश्वर के वचन' में जीवन है। वचन कहता है 'अब', यह कोई समय नहीं देता है। इस प्रकार उस दिन से, प्रभु ने मेरे लिए जंगल में मार्ग बनाया और रेगिस्तान में नदियां बहाई।'' इस प्रकार प्रभु का चुंबन हमारे जीवन को बदल देता है। श्रेष्ठगीत 1:2 ''वह अपने मुंह के चुम्बनों से मुझे चूमे! क्योंकि तेरा प्रेम दाखमधु से उत्तम है।'' वचन कहता है कि मेरे लिए आपका चुंबन दाखरस से बेहतर है। दाखरस प्रभु और हमारे साथ 'नया वाचा' का प्रतीक है। यह यीशु का लहू है। लेकिन 'परमेश्वर का चुंबन' उस दाखरस की तुलना में कहीं ज्यादा है, अर्थात नई वाचा। जैसे ही खर्चीले पुत्र की तरह अंत में पछतावा करता है, प्रभु ने उस देश में अकाल भेजा था, उसे सूअर का भोजन खाना पड़ा था, इससे उसे अपने पिता के घर की याद आई और इस तरह उसने

पश्चाताप किया और अपने पिता के घर लौट आया। आज, हमें भी अपने पिता के पास लौट जाना चाहिए, अगर हम पाप करते हैं और उससे बहुत दूर हो गए हैं। हमारे प्रभु का प्यार सब व्यर्थ चीजों को भर देगा और हमारे जीवन में खुशी और शांति वापस लाएगा। हमारा प्रभु हमें अपने वचन और उसकी आत्मा के साथ चुंबन देता है। हमें परमेश्वर से ताकत मिलती है।

हम परमेश्वर के वचन के माध्यम से चुंबन का दूसरा रूप देखते हैं। 1 पतरस 2: 1–2 ''1 इसलिए सब प्रकार का बैर भाव और छल और कपट और डाह और बदनामी को दूर करके। 2 नए जन्मे हुए बच्चों की नाईं निर्मल आत्मिक दूध की लालसा करो, ताकि उसके द्वारा उद्धार पाने के लिए बढ़ते जाओ।'' जैसे ही एक शिशु या एक नवजात शिशु माँ के दूध के साथ बढ़ता है, हमें भी परमेश्वर के वचन से भी बढ़ना चाहिए। हमें इस दुनिया की बुराई को पीछे छोड़ना चाहिए, इस दुनिया के लोगों से हमारी जिंदगी को अलग करना चाहिए, हमें परमेश्वर के वचन के साथ बढ़ना चाहिए। इसके लिए, हमें परमेश्वर के वचन के लिए उत्कट इच्छा की आवश्यकता होनी चाहिए, जैसे एक नवजात बच्चा रोता है और पूरे घर को सर पर उठा लेता है जब उसे दूध पीना होता है, तो हमें भी वही तरस के साथ प्रभु के वचन की इच्छा रखनी चाहिए। आत्मिक रहस्योद्घाटन से श्रेष्ठगीत की पुस्तक का हर वचन कीमती और अनमोल है। केवल प्रभु ही हमारे लिए इस महान रहस्योद्घाटन को प्रकट कर सकते हैं। हमें चक के देखना चाहिए कि हमारा प्रभु अच्छा है। परमेश्वर के वचन का स्वाद शहद की तरह मीठा होगा, भजन संहिता 19:10 ''वे तो सोने से और बहुत कुन्दन से भी बढ़कर मनोहर हैं; वे मधु से और टपकने वाले छत्ते से भी बढ़कर मधुर हैं।'' परमेश्वर का चुंबन, सोने से भी कीमती और शहद से और शहद के छत्ते से भी अधिक मीठा हो सकता है। इस प्रकार, जो लोग परमेश्वर के वचन को एक नवजात शिशु की तरह पसंद करते हैं, जैसे एक नवजात शिशु माता के दूध की इच्छा रखता हैं, वे परमेश्वर की ओर बढ़ेंगे और मजबूत होंगे। जितना अधिक हम वचन को पड़ेंगे, उतना ही हम प्रभु के द्वारा प्यार और बल पाएंगे। सिर्फ प्रभु का एक चुंबन, हमारे लिए उनके विशाल प्यार को समझा सकते हैं।

हमें शत्रु के चुंबन से भी सावधानी बरतनी चाहिए, जैसे यहूदा ने अपने चुंबन ''रब्बी जय हो!'' के साथ प्रभु को धोखा दिया। यीशु ने यहूदा को देखा और उदास होकर उसे कहा लूका 22:48 ''यीशु ने उस से कहा, हे यहूदा, क्या तू चूमा लेकर मनुष्य के पुत्र को पकड़वाता है?'' सुलैमान, बुद्धिमान राजा ने एक युवा लड़के के बारे में भी कहा था जो उसकी मूर्खता के कारण नष्ट हो गया था। आइए हम पढ़ते हैं नीतिवचन 7:13–23 ''13 तब उस ने उस जवान को पकड़ कर चूमा, और निर्लज्जता की चेष्टा कर के उस से कहा, 14 मुझे मेलबलि चढ़ाने थे, और मैं ने अपनी मन्नते आज ही पूरी की हैं; 15 इसी

कारण मैं तुझ से भेंट करने को निकली, मैं तेरे दर्शन की खोजी थी, सो अभी पाया है। 16 मैं ने अपने पलंग के बिछौने पर मिस्र के बेलबूटे वाले कपड़े बिछाए हैं; 17 मैं ने अपने बिछौने पर गन्धरस, अगर और दालचीनी छिड़की है। 18 इसलिए अब चल हम प्रेम से भोर तक जी बहलाते रहें; हम परस्पर की प्रीति से आनन्दित रहें। 19 क्योंकि मेरा पति घर में नहीं है; वह दूर देश को चला गया है; 20 वह चान्दी की थैली ले गया है; और पूर्णमासी को लौट आएगा। 21 ऐसी ही बातें कह कह कर, उस ने उस को अपनी प्रबल माया में फंसा लिया; और अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से उस को अपने वश में कर लिया। 22 वह तुरन्त उसके पीछे हो लिया, और जैसे बैल कसाई–खाने को, वा जैसे बेड़ी पहिने हुए कोई मूढ़ ताड़ना पाने को जाता है। 23 अन्त में उस जवान का कलेजा तीर से बेधा जाएगा; वह उस चिडिया के समान है जो फन्दे की ओर वेग से उड़े और न जानती हो कि उस में मेरे प्राण जाएंगे।'' हमें बाइबल में उल्लिखित विभिन्न चुंबनों के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए, हम जानते हैं कि इनमें से कुछ चुंबन हमारे जीवन को नष्ट कर सकते हैं। इस प्रकार हम सिर्फ 'प्रभु के चुंबन' के लिए इच्छा रखना चाहिए और बुराई दुनिया के अन्य चुंबन को पीछे छोड़ देना चाहिए। प्रभु का चुंबन हमारे जीवन को बदल देती है और हम बलवंत हो जाते हैं, हम अपने जीवन में शांति से आशीर्वाद पाते हैं। प्रभु अब हमारे लिए जंगल में रास्ता बना सकते हैं। रोमियो 8:8 ''और जो शारीरिक दशा में है, वे परमेश्वर को प्रसन्न नहीं कर सकते।'' हमारे लिए यह जानना जरूरी है कि हम कभी भी शारीरिक दशा में प्रभु को खुश करने में सफल नहीं होंगे। बाइबिल की शुरुआत से, हमने देखा है कि मानवता पर परमेश्वर का प्रेम अत्यधिक है। यह इस प्रेम की वजह से है, कि वह हमें शाप और सजा देता है। लेकिन याद रखें, परमेश्वर ही है जो हमारे घावों पर बाम लगाके इलाज करेगा और हमें ठीक भी करेगा। हमने संदेश में सुना है कि कैसे मूसा परमेश्वर को मिलने के लिए सिनाई पर्वत पर चढाई करता है और इस्राएलियों के लिए परमेश्वर की आज्ञाओं को कैसे लाता है। लेकिन तुरंत शत्रु ने लोगों के बीच भ्रम पैदा करना शुरू कर दिया और उनके दिलों में यह बात डाल दिया कि मूसा वापस नहीं आएगा। लोगों ने हारून पर दबाव डालना शुरू किया ताकि वह उनके लिए देवता बनाए, इसलिए हारून उनसे उनके अपने सोने के लिए पूछता है, इसे आग में डालता है और एक बछड़ा उनके आराधना करने के लिए एक ढाला छवि के रूप में बनाता है। अब, बछड़े की आराधना करते है और उसे देवता मानते है। हारून परमेश्वर और मूसा के सामने नग्न है, उसके सारे पाप उनके सामने दिखते हैं। निर्गमन 32:19 ''छावनी के पास आते ही मूसा को वह बछड़ा और नाचना देख पड़ा, तब मूसा का कोप भड़क उठा, और उसने तख्तियों को अपने हाथों से पर्वत के नीचे पटककर तोड़ डाला।'' यहां हम देखते हैं, हमें इस तरह के एक मूर्ति पूजा के चुंबन/जादू टोकर से बचना चाहिए। याद रखो, हम सब प्रभु के आगे नग्न हैं। हमें

विश्वास के साथ उसके सामने जाने में सक्षम होना चाहिए, जब वह एक बार फिर हमें उसके साथ ले जाने के लिए आएंगे। इस प्रकार हम सभी को परमेश्वर के वचन की इच्छा रखनी चाहिए, जैसे मछली पानी के बिना नहीं रह सकती और हर समय माँ के दूध के लिए एक नवजात शिशु की प्यास होती है। हमें परमेश्वर के वचन की इच्छा रखना चाहिए जो सोने से भी अधिक मूल्यवान और शहद और मधु के छत्ते से भी ज्यादा मीठा है। याद रखें, प्रभु आज भी हमें चूम सकता है और यह कि प्रभु का चुंबन हमारे जीवन को अब बदल सकता है! प्रभु इस वचन को आशीष दें!

पास्टर सरोजा म.